हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 10 जनवरी 2024

04 एक सप्ताह तक बंद रहेगा पचमा रोड पर पारासरी...



05 कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने कर्त्तव्य पथ...





## पुलिस थानों की सीमा परिवर्तन के प्रस्ताव 15 तक होंगे तैयार

# गंजबासौदा कोतवाली और देहात थाने के बीच 156 गांवों की अदलाबदली हुई

**जिलेभर के पुलिस थानों के बीच सीमा से संबंधित विवाद दूर करने कई गांवों को एक थाने से हटाकर सुविधा वाले थाने में शामिल करने के प्रस्ताव पुलिस विभाग द्वारा तैयार किया जा रहा है। थानों की सीमा परिवर्तन की यह प्रक्रिया 12 से 15 जनवरी तक चलेगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शासन के निर्देश पर एसपी मुख्यालय द्वारा जिलेभर के एसडीओपी से थानों की सीमा परिवर्तन के प्रस्ताव मांगे गये हैं।

एसपी दीपक कुमार शुक्ला के अनुसार 15 जनवरी तक यह प्रस्ताव लिए जाएंगे। इसके बाद शासन को यह प्रस्ताव भेजे जाएंगे। शासकीय गजट में प्रकाशन के बाद इसे लागू किया जाएगा। शमशाबाद थाने के कुछ गांव जैसे रिनिया, बरखेड़ा, मूडरा शेरपुर जैसे गांव नटेरन थाने में शामिल होंगे। इनके अलावा दौलतपुरा, शरीफपुर, टोरिया, भौरिया, बेरखेड़ी खुर्द सहित हिनोतिया गांव ऐसे हैं इनकी तहसील तो लटेरी है लेकिन थाना शमशाबाद लगता है। यह सभी गांव भी लटेरी थाने में शामिल किए जाने का प्रस्ताव चल रहा है। वहीं नटेरन थाना अंतर्गत आने वाले परस परसौरा सहित बाह्य नदी से विदिशा की तरफ वाले गांव करारिया पुलिस थाने में शामिल किए जाएंगे।




विदिशा। सीएमा परिवर्तन के लिए एसपी कार्यालय में चल रही है कवायद।

### बासौदा के 156 गांवों की अदलाबदली

पुलिस थानों की सीमा परिवर्तन की इस प्रक्रिया के दौरान सबसे बड़ा बदलाव गंजबासौदा नगर में संचालित कोतवाली और देहात थाने के बीच हुआ है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला के अनुसार दोनों थानों के बीच 156 गांवों की अदला बदली हुई है। सीमा परिवर्तन के तहत कोतवाली के 77 गांव देहात थाने में चले गए हैं और इसी तरह देहात थाने के 79 गांव कोतवाली थाने में आ गए हैं।



दीपक कुमार शुक्ला एसपी

### दूरस्थ थाना होने से होती है परेशानी

अपराधों के ग्राम व क्राइम रेशो को देखते हुए थानों का सीमांकन किया जाएगा। इससे पुलिस थाने अथवा चौकियों की संख्या कम अथवा ज्यादा हो सकती है। वहीं लोगों को अपनी शिकायत लेकर थाने तक आने-जाने में परेशानी होती है। जिले में भी ऐसे कई गांव में जिनकी तहसील कुछ है और थाना क्षेत्र किसी दूसरे तहसील में लगता है। जैसे लटेरी तहसील के कुछ गांव का थाना क्षेत्र में शमशाबाद लगता है ऐसे में यहां कोई अपराध घटित होने पर पीड़ितों के अलावा जांच के लिए पुलिस को भी आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## खबर संक्षेप

### 42 वाहनों की जांच, 10 चालान बनाए, दो जब्त



**विदिशा।** परिवहन आयुक्त के निर्देश पर आरटीओ अधिकारी गिरजेश वर्मा द्वारा लगातार वाहनों की जांच की जा रही है। सोमवार को श्री वर्मा ने सागर रोड बायपास पर वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान 42 वाहनों को रोककर जांच की गई। जिनमें से 12 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। 10 वाहनों के चालान बनाकर 21 हजार 500 रुपए वसूले गए। वहीं 2 वाहनों को जब्त कर लिया गया। यात्री वाहनों की चेकिंग भी की जा रही है।

### 6 माह बीते, जमीन पर नहीं दिलाया कब्जा

**विदिशा।** त्योंदा क्षेत्र के ग्राम अमारी के एक परिवार ने मंगलवार को जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर के सामने गुहार लगाई। परिवार के सदस्यों ने बताया की कोर्ट में 5 साल से मामला चल रहा है। पिछले साल जून में कोर्ट ने हमारे पक्ष में फैसला सुनाया। ऑनलाइन नक्शा दर्ज होने के बाद चार हफ्तों में जमीन पर कब्जा दिए जाने की बात कही गई थी, लेकिन 6 महीने बीतने के बाद भी न्याय नहीं मिला। प्रशासन द्वारा कोर्ट की अवहेलना की जा रही है। मंगलवार को एक बार फिर कलेक्ट्रेट पहुंचकर पीड़ित परिवार ने गुहार लगाते हुए जल्द से जल्द इस प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की है।

### लाड़लियों के खातों में आज पहुंचेगी राशि

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आज लाड़ली बहनाओं के खातों में राशि डालेंगे। जिला मुख्यालय पर बरईपुरा चौराहे पर सुबह 10.30 बजे कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### छात्राओं को आपदा में बचाव के तरीके सिखाए

विदिशा। गर्ल्स कॉलेज में मंगलवार को छात्राओं को आपदा के दौरान बचाव के तरीके सिखाए गए। कार्यक्रम को कॉलेज की प्राचार्य डॉ नीता पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि आपदाओं से निपटने की क्षमता हर व्यक्ति में होनी चाहिए। इसलिए आपदा से जुड़ी जानकारी हरेक व्यक्ति के लिए महत्त्वपूर्ण है। इसलिए यह प्रशिक्षण छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी होगा। कार्यशाला का संचालन जिला सलाहकार आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अजीत बाथम ने किया।

### समिति की बैठक हुई, 14 से शुरू होगा मेला

**विदिशा।** रामलीला मेला समिति के अध्यक्ष उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के माध्यम से जो कार्य पूर्व वर्षों की तरह किए जाते थे उन सबको इस वर्ष भी ताकिद किया गया है। साज सज्जा, साफ सफाई, प्रकाश, बिजली, पानी, यातायात, सुरक्षा सहित अन्य कानूनी व्यवस्थाओं के संबंध में निर्णय लिए गए हैं। एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने बताया की मेला परिसर में निगरानी रखने के लिए सीसी कैमरे लगाए जाएंगे। जिनका कंट्रोल पुलिस सहायता केंद्र में भी रहेगा। मेले का आयोजन 14 जनवरी से 29 फरवरी तक होगा। श्रीरामलीला मेला समिति के मानसेवी सचिव डॉ अनिल शर्मा ने मेला समिति के आय व्यय की जानकारियां प्रस्तुत की।

### सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम 12 को होगा

**विदिशा।** स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस युवा उत्सव के अवसर पर 12 जनवरी को सामूहिक सूर्य नमस्कार, योग एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम खेल स्टेडियम परिसर में शुक्रवार की सुबह 8:30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को कलेक्टर भार्गव ने दायित्व सौंपे हैं। मंच संचालन, प्रशिक्षण व्यवस्था, आयोजन स्थल की व्यवस्था सहित अन्य कार्यों के लिए अधिकारियों को अधिकृत किया गया है।

# सड़क, बिजली, पानी के लिए 70 परिवारों ने लगाई गुहार

## जतरापुरा इलाके में मूलभूत सुविधाओं की मांग



विदिशा। सुविधाओं के लिए नपा कार्यालय के बाहर नारेबाजी करती महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- अपनी समस्याओं को लेकर कई बार लगा चुके हैं गुहार

सरकार लोगों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया उपलब्ध कराने के लिए दावा करती है। हालांकि जमीनी हकीकत देखी जाए तो यह दावा सिर्फ कागज पर ही दिखता है। जिला मुख्यालय पर एक बस्ती ऐसी भी है जहां के रहवासी मूलभूत सुविधाओं के अभाव में जीने को मजबूर हैं। जतरापुरा इलाके में 70 परिवार नरकीय जीवन जी रहे हैं।

कई बार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इन समस्याओं के बारे बताने के बाद भी रहवासियों की समस्या ज्यों की त्यों है। मंगलवार को जतरापुरा के रहवासियों ने नगरपालिका पहुंचकर अधिकारियों से गुहार लगाई। लोगों ने बताया कि जिला मुख्यालय पर रहने के बावजूद वह उपेक्षा का शिकार हो रहे हैं। बरसात के मौसम में क्षेत्र में पानी भर जाता है। जिस वजह से घर से बाहर निकलना भी दूभर हो जाता है। यहां रहने वाले लोगों को कुटीर योजना का लाभ नहीं मिला। जिसके कारण वह झोपड़पट्टी में रहते हैं। बिजली के खंभे नहीं लगने के कारण दूर से बिजली की लाइन लेकर काम चला रहे हैं। जिससे करंट लगने का जोखिम बना रहता है। रहवासियों ने अधिकारियों से गुहार लगाई है। उनकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए और उन्हें सड़क बिजली पानी और आवास जैसी बुनियादी सुविधाएं जल्द से जल्द दी जाएं।

## सबकी सुनेंगे: अब नगरपालिका भवन में भी होगी जनता की सुनवाई



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** मंगलवार से नपा परिसर में नगरीय और ग्रामीण क्षेत्र की जनसुनवाई नगरपालिका भवन में शुरू हो गई है। जनसुनवाई में विधायक मुकेश टंडन, एसडीएम क्षितिज शर्मा, तहसीलदार व नपा सीएमओ मौजूद रहे। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जनसुनवाई प्रारंभ की गई थी। वहीं वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इसे विस्तारित रूप देते हुए तहसील स्तर पर भी जनसुनवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। नगरपालिका कार्यालय में विधायक मुकेश टंडन प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई करेंगे।

### वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कर नंबर दिए



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत यातायात विभाग और पुलिस द्वारा यातायात के नियमों का पालन कराने शिविर आयोजित किया गया। सोमवार को विवेकानंद चौराहे स्थित यातायात चौकी में वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण का शिविर लगाया गया। जिसमें चालकों की आंखों की जांच की गई। चश्मे के नंबर भी दिए गए। डॉक्टर एके उपाध्यक्ष ने बताया कि आंखें स्वस्थ होगी तो वाहन चलाने में परेशानी नहीं होगी और दुर्घटनाएं भी कम होंगे।

# दोपहर में निकली हल्की धूप, शाम चार बजे से शुरू हुई शीतलहर, बारिश की संभावना

- स्कूलों का समय बदलने से छोटे बच्चों को मिली राहत।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सोमवार की दोपहर मौसम साफ होने से हल्की धूप निकली। लेकिन कुछ ही घंटे बाद शाम चार बजे से फिर से शीतलहर शुरू हो गई। मंगलवार को अधिकतम तापमान 24 और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक सत्येंद्र सिंह तोमर ने बताया की बुधवार को न्यनतम तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट हो सकती है।



वहीं आज बारिश होने की संभावना भी मौसम विभाग ने जताई है।

शीत लहर के चलते स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों के समय में बदलाव करते हुए 20 जनवरी तक सुबह 10 बजे से स्कूल लगाने के आदेश जारी किए हैं। जबकि कक्षा 6 से 12वीं तक की पूर्व से निर्धारित परीक्षा समय पर होगी।

# शहर के मंदिरों के आसपास सफाई और रोशनी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- 22 जनवरी को घरों में पांच दीपक जलाने की अपील की।

विदिशा की विरासत ग्रुप ने प्रशासन को ज्ञापन देकर 22 जनवरी को शहर के प्रमुख मंदिरों के आसपास सफाई, मंदिरों में रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की है। वहीं पुरानी अस्पताल की बाउंड्री पर राम के जीवन पर की गई चित्रकारी को पुनः रंग-रोगन करने की मांग की है। शहर के प्रमुख राम मंदिर रायसेन गेट, रामजानकी मंदिर किरी मोहल्ला, लड्डू जी की धर्मशाला, रामघाट बेतवा तट, त्रिवेणी मंदिर, चरणतीर्थ घाट, रामानंद कोट, शनि मंदिर के पास, रामजानकी मंदिर बजरिया, राठौर समाज मंदिर, रामजानकी मंदिर रामलीला परिसर, रामजानकी मंदिर जतरापुरा आदि में साज-सज्जा,साफ-सफाई पुताई की मांग की है।

# रोती बिलखती जनसुनवाई में पहुंची महिला

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शास्त्री नगर निवासी महिला पार्वती रैकवार मंगलवार को जनसुनवाई में रोती बिलखती पहुंची। महिला ने बताया की प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए करीब 7 साल पहले आवेदन किया था, लेकिन अब तक आवास नहीं मिला। पार्वती बाई ने बताया की नगरपालिका के कर्मचारियों के कहने पर 20 हजार रुपए भी जमा कर दिए थे। शेष राशि के लिए लोन दिलाने की बात कही गई थी, लेकिन अकेली महिला होने के कारण बैंक भी लोन नहीं दे रही।



विदिशा। जनसुनवाई में अधिकारियों को अपनी कहानी सुनाती महिला पर्वती बाई।

10 साल पहले पति बच्चों को लेकर चला गया। अब महिला अकेली रह रही है और अकेली होने के कारण बैंक लोन नहीं दे रही।

# सुबह 5 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से दो की मौत

**कागपुर।** सोमवार की सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।

रिंकू सिंह पिता गोपीलाल 30 साल, प्राण सिंह पिता तोरणसिंह अहिरवार 26 साल कौलींजा गांव से अपने रिश्तेदार के यहां से वापस खैराई गांव लौट रहे थे। कागपुर हिनोतिया के बीच मंगलवार की सुबह अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रसत हो गई।



# 20 सूत्रीय सेवा कार्यों की सूची तैयार, गांवों के मंदिरों में सफाई करेंगे भाजपा के कार्यकर्ता

### भाजपा कार्यालय में भगवान राम के दर्शन अभियान की टोली में दी जानकारी

- रामधुन, रामायण पाठ जैसे कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

भाजपा जिला कार्यालय में मंगलवार को भगवान राम के दर्शन अभियान की टोली की बैठक हुई।

बैठक में भोपाल संभाग के प्रभारी राजेश तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जादौन, अभियान के जिला संयोजक बलवीर रघुवंशी, सहसंयोजक मुकेश तिवारी, सहसंयोजक अनिल सोनकर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संभाग प्रभारी राजेश तिवारी ने अभियान बताया कि हर बूथ से हर ग्राम तक रामलला के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था और बूथ स्तर पर कई सेवा कार्य भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किए जाएंगे। सभी ग्रामों में मंदिरों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सफाई अभियान चलाया जाएगा। रामधुन, अखंड रामायण का आयोजन किया जाएगा। भंडारे प्रसादी एवं आतिशबाजी का भव्य आयोजन करने की रूपरेखा तैयार की गई है। साथ ही 20 सूत्रीय सेवा तथा कार्यों की सूची तैयार की है। जिन्हे हर मंडल, हर बूथ पर कार्यकर्ताओं द्वारा संपादित किया जाएगा। बैठक में जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## साकेत एमजीएम स्कूल में काउंसलिंग का आयोजन किया गया

# परीक्षा के समय छात्रों को सकारात्मक सोचना और खुश रहना चाहिए इससे अच्छे परिणाम मिलते हैः डॉ एमके जैन

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और इंडियन अकैडमी ऑफ़ पीडिएट्रिक्स के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को साकेत एमजीएम सीनियर सेकंडरी स्कूल में 10वीं क्लास के बच्चों को एग्जाम फोबिया के तनाव को कम करने काउंसलिंग आयोजित की गई।

इस दौरान शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ एमके जैन ने बताया की मेहनत चाहे कैसी भी हो बेकार नहीं होती है। मेहनत करने वालों की कभी हार नहीं होती है लेकिन मेहनत तब ही सफल होती है, जब उसका उपयोग परीक्षा में पूर्ण रूप से हो। ऐसा तभी संभव है जब परीक्षा का डर, तनाव अथवा टेंशन विद्यार्थी में न हो। साथ ही निडर रहकर परीक्षा में सम्मिलित हो। सामान्य रूप से और परीक्षा के समय तो विशेष रूप से घर के भोजन को ही प्राथमिकता देना जरुरी है। आईएमए शाखा अध्यक्ष सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ राजीव जैन ने बताया कि थोड़ा डर, टेंशन होना स्वाभाविक है लेकिन बच्चों को इससे दूर रहना ज़रूरी है। इसके लिए सकारात्मक सोच, नियमित 7-8 घंटे की नींद, घर का बना हुआ सादा और मौसमी भोजन फल इत्यादि आवश्यक रूप से लेना चाहिये। आईएपी शाखा सचिव शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया की फिट रहने और तनाव को दूर भगाने के लिए एक्सरसाइज, योगा, प्राणायाम और घर परिवार के सदस्यों से और प्रकृति और मित्रों से जुड़े रहना भी आवश्यक है। आईएमए शाखा सचिव हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल जैन ने बताया की विद्यार्थियों को परीक्षा के समय तनाव नहीं रखना और हमेशा खुश रहना सफलता के लिये ज़रूरी है। आईएमए सदस्य एवं विषय साइकियाट्रिक विशेषज्ञ डॉ अशोक राजपूत ने सारगर्भित उद्बोदन में बताया विद्यार्थियों को परीक्षा में भी सामान्य दिनचर्या रखना चाहिए।



विदिशा। साकेत स्कूल में काउंसलिंग में जानकारी देते हुए डॉ अशोक राजपूत।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2592
उच्चतम भाव-4055
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2405
उच्चतम भाव-3155
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2373
उच्चतम भाव-2540
चना
न्यूनतम भाव-4825
उच्चतम भाव-5421
मसूर
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6071
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4670
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-4900
सरसों
न्यूनतम भाव-3360
उच्चतम भाव-5310
उड़द
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-7450
धान
न्यूनतम भाव-1520
उच्चतम भाव-4250
ज्वार
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-7400
बटरी
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-4700

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 18813 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

### पचमा बायपास मार्ग के खराब हिस्से और पुल पर हो रहा सीसीकरण

# एक सप्ताह तक बंद रहेगा पचमा रोड पर पारासरी पुल से आवागमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पचमा बायपास मार्ग पर बरसों से खुदी पड़ी सड़क और बदहाल हो चुके पारासरी पुल की दशा अब सुधरने जा रही है। नपा द्वारा इस मार्ग के खराब हिस्से पर सीसीकरण करवा दिया गया है और अब बुधवार से पारासरी नदी के पुल पर सीसी करण का कार्य शुरू किया जा रहा है। जिसके चलते आगामी एक सप्ताह तक पारासरी पुल से आवागमन पूरी तरह बंद रखा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पचमा रोड को त्योंदा रोड से जोडने के लिए मंडी निधि से पचमा बायपास मार्ग का निर्माण कराया गया था। यह मार्ग पिछले कुछ वर्षों में देखरेख के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो चुका था और सीसीकरण जगह जगह से उखड गया था।

गत वर्ष नवीन नपा परिषद के गठन के बाद नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के प्रयासों से इस मार्ग पर डामरीकरण किया गया था। जिससे मार्ग की दशा सुधर गई थी।





लेकिन पारासरी पुल और उसके आसपास की सडक अत्याधिक क्षतिग्रस्त होने के कारण इस डामरीकरण में छूट गई थी। जिससे इस मार्ग पर आवागमन करने वालों को हमेशा इसी हिस्से के कारण परेशानी उठानी पड रही थी। नपा ने पिछले दिनों इस हिस्से को भी सुधारने का निर्णय लिया और पारासरी पुल एवं उसके दोनों ओर के क्षतिग्रस्त हिस्से में सीसीकरण का कार्य शुरू कर दिया।

निर्माण कार्य शुरू होते ही नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव एवं सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव लगातार इस कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं और यह कार्य पूरी गुणवत्ता एवं सुविधा के साथ पूरा हो सके, इसका जायजा ले रहे हैं। साथ ही नपा के उपयंत्रियों के साथ अन्य विभागों के विशेषज्ञों की भी सलाह लेते हुए इस कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराने में जुटे हुए हैं।

पुल के ऊपरी हिस्से को सुधारकर उस पर सीसीकरण के लिए इस मार्ग से आवागमन पिछले एक सप्ताह से बंद रखा गया है। इसके विकल्प के रूप में नपा ने सिंधी कॉलोनी आयशर शोरूम गली से होते हुए पारासरी नदी के किनारे से बने बायपास मार्ग को आवागमन के लिए चालू कर दिया था, जिससे वाहन चालकों को ज्यादा परेशानी नहीं उठानी पडी। लेकिन अब पुल के ऊपरी हिस्से का सीसीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है और पुल पर सीसीकरण कार्य होना है। जिससे पुल से वाहनों के आवागमन को बुधवार से आगामी एक सप्ताह तक पूरी तरह बंद रखा जाएगा। जिससे कार्य निर्बाध एवं शीघ्र पूर्ण हो सके।

इस पुल और वैकल्पिक मार्ग से आवागमन बंद रहने के दौरान छोटे वाहन पचमा बायपास मार्ग से नामदेव कॉलोनी, पुराना मेला ग्राउंड होकर गुजर सकेंगे। वहीं बडे और भारी वाहनों को कर्मादेवी चौराहा,राजेन्द्र नगर, सिरोंज तिराहा होते हुए आवागमन करना पडेगा। इस संबंध में नपा प्रशासन ने स्थानीय प्रशासन, यातायात विभाग को भी सूचित कर दिया है। इस संबंध में नपा के उपयंत्री सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि पुल की क्षमता को देखते हुए उस पर पांच इंच का कोट कराया जा रहा है। इस निर्माण के चलते आगामी एक सप्ताह तक आवागमन बंद रखा जाएगा। इसकी सूचना भी प्रशासन एवं यातायात पुलिस को दी जा चुकी है। इस निर्माण के बाद विद्याश्री लॉज वाले बायपास मार्ग और आयशर शोरूम गली वाले बायपास मार्ग का भी निर्माण कराया जाएगा। जिससे आवागमन और भी सुविधाजनक हो जाएगा।

# शिविर में हुई 441 मरीजों के नेत्रों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा


सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु सेंटर मिल रोड पर स्थित विजन सेंटर पर स्वर्गीय संजय पिंगले की पुण्य स्मृति दिवस के उपलक्ष में नेत्र शिविर लगाया गया। जिसमें अनीस शुक्ला, डॉ राजकरण वर्मा ने लगभग 441 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया। वहीं मोहन सिंह जादौन, रवि धाकड, रणवीर बघेल ने भी रक्त परीक्षण, शुगर परीक्षण एवं बीपी की जांच कर जांच कार्य में सहयोग प्रदान किया। प्रारंभ में मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन के प्रातीय अध्यक्ष डॉक्टर एके जैन एवं समाजसेवी डाल सिंह जादौन, दीपक ने स्वर्गीय श्रीरणछोड दास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नेत्र चिकित्सकों का पुष्पहार से स्वागत किया। शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने जानकारी दी कि इस शिविर में 147 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया। 49 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई, 43 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए।

वहीं 202 मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर रितुज एलिया, दीपक शर्मा, अमरीश भाई पटेल गुजरात वालों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। डॉ एके जैन और सुनील बाबू पिंगले ने सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा चलाए जा रहे अंधत्व निवारण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और कहा कि स्वर्गीय श्री रणछोड़ दास जी की कृपा से प्रतिवर्ष 40000 से अधिक मोतियाबिंद के ऑपरेशन मिशन किए जाते हैं जो की एक अनुकरणीय उदाहरण है।

## खबर संक्षेप

### दो पूर्व विद्यार्थियों ने पाई सफलता





**गंजबासौदा।** स्थानीय स्कॉलर्स प.हा.से.स्कूल पचमा रोड के पूर्व छात्र निखिल पणिकर एवं चंचल भावसार आत्मजा मुकेश भावसार ने सीए की परीक्षा 2023 में सफलता अर्जित कर विद्यालय के साथ ही नगर का नाम भी रोशन किया है। निखिल ने परीक्षा के दोनों ग्रुप में एक साथ सफलता अर्जित की है। निखिल, विद्यालय के संस्थापक आरसी पणिकर के कनिष्ठ पुत्र हैं। इन दोनों छात्रों की सफलता पर विद्यालय परिवार एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## पढ़ाई के साथ विद्यार्थी आय भी अर्जित करें : श्रीवास्तव




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

छात्र जीवन से ही आत्म निर्भर बनने के प्रयास करें। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ साथ अपने कौशल एवम रूचि अनुसार कार्य कर आय अर्जित करें। यह बात शासकीय सुभद्रा शर्मा कन्या महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव ने स्वावलंबी भारत अभियान के युवा सप्ताह के उद्घाटन अवसर पर विद्यालय में कही। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वाबलंबी भारत अभियान की जिला टोली सदस्य परसराम दुबे ने अभियान के विषय में विस्तार से प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वह पूरा जीवन नौकरी की तलाश में न गवाएं। नोकरियों के ही पीछे न भागे। स्वयं के व्यवसाय,उद्योग भी लगाएं। उन्नत खेती भी करें। लघु उद्योग स्थापित करें । स्वदेशी से स्वाबलंबी बनना है । पढ़ाई के साथ छोटे छोटे काम कर अपनी पढ़ाई का खर्च निकालें। दुनिया के सफल अमीर लोगों ने छोटे कामों से ही उन्नति की राह शुरू की थी। कार्यक्रम को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.सोहन यादव ने संबोधित करते हुए छात्राओं से स्वाबलंबी अभियान से जुड़ कर आत्मनिर्भर बनने की अपील करते हुऐ महाविद्यालय की प्रगति एवम निर्माण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास होगा कि सभी के सहयोग से विद्यालय शहर का अग्रणी बने।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इसके बाद मंच पर विराजमान सभी अतिथियों का महाविद्यालय द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया। छात्राओं ने स्वाबलंबी गीत का सामूहिक गान किया। इस मौके पर स्वाबलंबी भारत अभियान के तहसील प्रमुख सुखजीत सिंह काके ,स्वदेशी जागरण मंच के तहसील प्रमुख राबिन जैन , केशव भावसार ,रोहित अग्रवाल ,जितेंद्र सेन देव मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रो.प्रदन्या करंदीकर ने किया एवम आभार महाविद्यालय प्राचार्य ने माना। इस मौके पर कालेज के प्राध्यापक एवम बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।

कार्यक्रम के दौरान विवेकानन्द सप्ताह के उपलक्ष्य में छात्राओं की एक रैली भी निकाली गई जिसे समिति की अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव एवम स्वाबलंबी भारत अभियान के परसराम दुबे एवं अन्य अधिकारियो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली कन्या महाविद्यालय से प्रारंभ होकर गंज हनुमान मंदिर तिरंगा चौराहा पहुंची। जहां से वापिस महाविद्यालय पर पहुंचकर उसका समापन किया गया। रैली में छात्राओं द्वारा स्वदेशी अपनाने एवम स्वरोजगार को लेकर तख्तियां लेकर स्वाबलंबी भारत अभियान के नारे लगाए।

# विद्यार्थियों को बताए यातायात नियम, वाहनों की हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव के मार्गदर्शन में 1 जनवरी 2024 से 15 जनवरी 2024 तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसके तहत आज उनि देवकीनंदन गुरु द्वारा सम्राट अशोक एकेडमी स्कूल में स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक कर सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं उनसे बचने के उपाय की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के




दौरान दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों द्वारा सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से धारण करने की समझाईश दी गई। ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही बेदनखेड़ी एवं जय स्तंभ पर विशेष अभियान के दौरान भारी वाहनों एवं यात्री बसों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 23 चालान बनाए गए एवं 12600 रुपए शमन शुल्क वसूल किया गया। उक्त जानकारी एसडीओपी मनोज मिश्रा ने दी।

# कलेक्टर रेट पर वेतन दिलाने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रोगी कल्याण समिति के कर्मचारियों ने गत दिवस विधायक हरिसिंह रघुवंशी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि वे पिछले कई सालों से शासकीय राजीव गांधी अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के माध्यम से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हम सभी से शासकीय कर्मचारियों से अधिक काम लिया जाता है। हमें न तो साप्ताहिक अवकाश मिलता है और न ही अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ या मदद मिलती है। जिससे हमारा भविष्य अंधकारमय हो रहा है। हमसे रात्रिकालीन सेवाएं भी ली जाती हैं और अलग से इसके लिए



कोई मद की व्यवस्था भी नहीं है। हमें प्रतिमाह 4 से साढ़े चार हजार रूपए मानदेय ही मिलता है, जो इस महंगाई के दौर में कम है। कर्मचारियों ने विधायक से मांग की है कि उन्हें कलेक्टर रेट पर वेतन दिलाया जाए।

### वेदांत आश्रम में चल रही कथा का नवम दिन

# गौसेवा से तैंतीस कोटि देवताओं की सेवा हो जाती है: स्वामी डॉ वेदांती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

वेदांत आश्रम गंजबासौदा में समायोजित विराट शतचंडी महायज्ञ व सरस संगीतमय श्री राम कथा के नवम दिवस में जगतगुरु अनंतानंद द्वाराचार्य स्वामी डॉ राम कमल दास वेदांती जी महाराज जी ने कहा कि ऋषि आदि पुरुष राजा मनु तथा शतरूपा की सृष्टि के प्रारंभ में ही ब्रह्मा जी ने उपदेश देते हुए तीन अनिवार्य कर्तव्य बताएं हैं। पहला एक यश दुसरा गौ सेवा तथा तीसरा ईश्वर उपासना । यज्ञ के द्वारा हम समस्त देवताओं को आहुतियां प्रदान कर उन्हें संतुष्ट करते हैं जिससे देवता प्रसन्न होकर समस्त प्राणियों को भोग सामग्रियों के साथ-साथ भौतिक सुख समृद्धि प्रदान करते हैं। यज्ञ के द्वारा विभिन्न प्रकार की महामारियां व रोगों का समाधान हो जाता है। कृषि लहलहा उठती है तथा नवग्रह भी प्रसन्न होकर क्षेत्र को कल्याण करते हैं।

गौ सेवा से तैंतीस करोड़ देवताओं की सेवा हो जाती है क्योंकि गौ माता में समस्त देवता निवास करते हैं। यज्ञ व गौ सेवा के साथ-





साथ प्रत्येक परिवार को अपने घर में भगवान का मंदिर बनाकर भगवान की सेवा अर्चना करनी चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि परिवार के सभी सदस्यों को दिन में कम से कम एक बार एक साथ बैठकर भोजन अवश्य करना चाहिए जिससे हमारा परिवार संगठित होकर एक सूत्र में बंधा रहता है। संगठित परिवार ही लौकिक व पारलौकिक सुख समृद्धि को प्राप्त करते हैं। महाराज मनु ने कठोर तपस्या करके ईश्वर को पुत्र के रूप में मांगा , साथ ही उन्होंने यह भी कहा -भले ही आप हमारे पुत्र हो, फिर भी है प्रभु मैं अपने पुत्र में भी ईश्वर दर्शन करते हुए उसे प्रेम में पड़ा रहूं। स्वामी श्री वेदांती जी ने बताया कि धर्म हमें श्रेष्ठ पद पर चलते हुए किसी को कष्ट न देने की प्रेरणा देता है। यदि ईश्वर ने आपको अधिक सुख समृद्धि दी है तो अपने परिवार से बाहर निकल कर दूसरे अभावग्रस्त लोगों को मदद करके उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करना चाहिए। धर्म की व्याख्या करते हुए उन्होंने कहा कि धर्म केवल पाठ पूजा का नाम ही नहीं है। हमारा शरीर जिन पांच तत्वों से बना है उनके लक्षण हमारे जीवन में प्रकट होने चाहिए जल का काम शीतल है तो हमारे जीवन में भी शीतलता होनी चाहिए। अग्नि की तेजस्विता तथा वायु की आसक्ति रहित वृत्ति हमारे जीवन में प्रत्यक्ष दिखाई देनी चाहिए ।आकाश की व्यापकता एवं पृथ्वी का क्षमा गुण जब हमारे जीवन में आ जाएगा तो धर्म की लड़ाई झगड़ें अपने आप ही शांत हो जाएंगे। श्री राम के जन्म की कथा में संपूर्ण वेदांत आश्रम परिसर की अद्भुत सजावट की गई। संपूर्ण पंण्डाल गुब्बारो की सजावट से शोभायमान हो रहा था।

कथा में वाराणसी के संगीतज्ञ कलाकारों द्वारा बधाइयां गाई गई ।आश्रम के महंत श्री हरिहर दास जी ने बड़े उत्साह के साथ बच्चों में टाफी व गुब्बारे बांट कर श्री राम जन्म को मनाया। एक कलाकार के द्वारा सिर पर प्रज्ज्वलित अग्नि को स्थापित कर अद्भुत नृत्य प्रस्तुत किया गया। शतचंडी महायज्ञ के द्वारा संपूर्ण वेदांत परिसर में वैदिक काल सा दृश्य हो चुका है । वहीं नौ देवियों की झांकी एक साथ एक ही परिसर में नव शक्तिपीठों की आभास कर रही है ,जिनके दर्शन पूजन और परिक्रमा कर के श्रद्धालु लाभान्वित हो रहे हैं। अब बुधवार को सुबह 9 बजे स्वामी डॉ रामकमल दास वेदांती जी महाराज अपने सहयोगियों के साथ आदिवासी बाहुल्य गांव गमोलीखेडा में पहुंचकर वहां के लोगों को कंबल भेंट करेंगे।

# पंचायत केशवगढ़ में जनसुनवाई में हुआ समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले की मोहनगढ़ क्षेत्रांर्गत आने वाली केशवगढ़ के सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र जैन ने बताया कि मंगलवार को प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार पंचायत स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई में मोहनगढ़ तहसीलदार सहित थाना प्रभारी व अधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने मौके पर हितग्राहियों की समस्याओं को सुनते हुए उनका निराकरण किया। साथ ही कुछ हितग्राही जो जटिल समस्याएं लेकर आए उनको जल्द ही उनकी समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया गया। कुछ लोगों ने बिजली ट्रांस्फार्मर न होने




की शिकायत की जिस पर तहसीलदार ने कहा कि आप लोग समय पर बिजली बिल अदा करें तो जल्द ही ग्रामवासियों को इस विद्युत समस्या से निजाद मिल जाएगी। सरपंच प्रतिनिधि पुष्पेंद्र जैन केशवगढ़ के द्वारा कुछ बातें भी तहसीलदार को बताई गईं। जिसमें उन्होंने कहा कि शासकीय कार्य में कोई बाधा ना डालें पंचायत के विकास कार्यों में सहयोग करें। इस अवसर पर जनसुनवाई में शामिल अधिकारियों कर्मचारियों सहित अनेक हितग्राही मौजूद रहे।

## दो दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

**टीकमगढ़।** कलेक्टर अवधेश शर्मा ने निर्देशित किया है कि सीएम हेल्पलाइन पर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कराया जाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी गंभीरतापूर्वक अपने विभागों से संबंधित सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का निराकरण करायें। उन्होंने निर्देषित किया आवेदक से स्वयं चर्चा कर षिकायतों का निराकरण किया जाए। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल की उपस्थिति में जिला नियंत्रण कक्ष में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में विभिन्न विभाागें के ऑपरेटरों से जिला नियंत्रण कक्ष में सीएम हेल्पलाईन पर दर्ज लंबित शिकायतों का निराकरण कराया।

## संस्कार ग्रीन वैल स्कूल ने नववर्ष मिलन और पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया

# कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने कर्त्तव्य पथ से विमुख नहीं होते हैं कलम के सिपाही: दीपाली चतुर्वेदी अल्हाट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

संस्कार ग्रीन वैली स्कूल द्वारा आयोजित नव वर्ष मिलन एवं पत्रकार सम्मान समारोह में विभिन्न समाचार पत्रों एवं न्यूज़ चैनल से जुड़े अनेक पत्रकार बंधुओ ने शिरकत की। इस अवसर पर कार्यक्रम में लोकतंत्र चौथे स्तंभ का सम्मान समारोह के साथ मजेदार खेलों व रोमांचक उपहारो व ताजगी भरे इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल प्राचार्य दीपाली चतुर्वेदी अल्हाट ने अपने उद्बोधन में लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में पत्रकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला और समाज और देश की प्रगति में उनके योगदान की सराहना की। वही उन्होने कहा कि जिस तरह से डॉक्टर व्यक्ति के जीवन की रक्षा करता है, उसी तरह से पत्रकार समाज को नया रूप देता है। उन्होंने पत्रकारों से देश को सही दिशा देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज की अनेक समस्याओं के निराकरण के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने काम को करते हुए पत्रकारों के सामने कई कठिन परिस्थितियां आती हैं, लेकिन कलम के सिपाही अपने कर्तव्य पथ से कभी विमुख नहीं होते। इस मौके पर अनेक मनोरंजन खेलो का आयोजन किया गया जिनमें समस्त पत्रकार बंधुओ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वही कार्यक्रम के अंत में स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

*पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी का सम्मान*



### विद्यालय परिवार द्वारा किया गया पत्रकारों का सम्मान

*सर्वप्रथम विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त पत्रकार बंधुओ का सम्मान किया गया एवं उन्हें उपहार प्रदान किए गए। अनेक वक्ताओं ने मंच के माध्यम से अपने विचार साझा किए और स्कूल द्वारा प्रारंभ किए गए इस नवाचार के लिए स्कूल प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्कार ग्रीन वैली स्कूल द्वारा जो पत्रकारो का सम्मान किया गया वह अभूतपूर्व है स्कूल प्रबंधन ने पत्रकारो का सम्मान व नववर्ष का अभिनंदन के अलावा पत्रकारो की अलग अलग टीम बनाकर खेलो की जो गतिविधिया कराई उससे ऐसा महसूस हुआ कि स्कूल प्रबंधन ने दिल से पत्रकारो का सम्मान किया। वही उन्होने कहा कि एक अच्छे रिपोर्टर को अपने समाचार लेखन और रिपोर्टिंग कार्य में निष्पक्ष, सटीक और वस्तुनिष्ठ होना चाहिए। निष्पक्षता, सटीकता और निष्पक्षता समाचार के गुण हैं, जिन पर यह पेशा फलता-फूलता है। इनमें से किसी भी मूल्य से समझौता करने का कोई भी प्रयास उद्योग की प्रतिष्ठा और विश्वसनीयता को ख़राब करता है।*

### यह प्रतियोगिताएं की गई आयोजित

कार्यक्रम के दौरान बलुन को हवा में उडाकर शर्ट के बटन लगाने का टास्क दिया गया जिसको एक मिनट में पूरा करना था। जिसमें 8 पत्रकारो ने भाग लिया। इसी तरह म्यूजिक कुर्सी का टास्क दिया जो कि बडा रोमांचक रहा जिसमें भी सभी पत्रकारो ने अपनी भागीदारी दी और बारी बारी से म्यूजिक बंद होने से पहले कुर्सी पर बैठने का टास्क पूरा किया। जिसमें आखिर में दो पत्रकार ही बाजी मारी। वही एक टास्क हाथी के चित्र रहा जिसमें आंखो पर पट्टी बांधकर हाथी की पूंछ बनाना रहा। वही विजेता पत्रकरों को स्कूल प्राचार्य दीपाली चतुर्वेवी एंव उप प्राचार्य मांडवी शर्मा पुरस्कार भेंट किए।



### इन पत्रकारों का हुआ सम्मान


*संस्कार ग्रीन वैली स्कूल द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष अधिमान्य पत्रकार राजीव जैन सैनानी, वरिष्ठ पत्रकार नसीम खान, अब्दुल अलीम, अल्ताफ खान, सलमान अमीन, इमरान खान, डॉ वसीम, जुनैद खान, मोहन रघुवंशी, अजमल शेर खान,अभिषेक कुशवाह, जुनैद खान, अब्दुल बहाव, वाजिद कुरैशी, शब्बू गौरी सहित अन्य पत्रकारों को स्कूल प्रबधन द्वारा सम्मान कर उपहार भेंट किए गए। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन विवेक जैन द्वारा किया गया। पत्रकार बंधुओ के लिए सेल्फी कॉर्नर भी रखा गया जिसका सभी पत्रकार बंधुओ ने भरपूर आनंद लिया। अंत में उप प्राचार्य मांडवी शर्मा ने आभार प्रदर्शन कर सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर कार्यक्रम में शिक्षक हरीश थापा, राम मनोहर, रजनीश, पुनीत, मनीष, गौरव, फारूक, त्रिलोक, अशरफ, राम प्रकाश, सईद, मुदस्सिर आदि शिक्षक मौजूद रहे।*

## आपदा प्रबंधन, स्वावलंबन और शिक्षा को लेकर किया कार्यशाला का आयोजन



**सिरोंज।** सेवा भारती मध्य भारत प्रांत प्रशिक्षण भोपाल द्वारा एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें किशोरी विकास निविंदिता भारती, आपदा प्रबंधन, युवा, किशोर, प्रचार-प्रसार, स्वावलंबन, शिक्षा आदि निम्न बिंदुओं को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर प्रांतीय चिकित्सक संजीव माथुर,समिति उपाध्यक्ष डॉ राजू तिवारी,चिकित्सक डॉ पुष्पराज सिंह,डॉ उषा गोस्वामी,डॉ गौतम चन्द्र गोस्वामी, डॉ पुष्पारानी मिन्ज आदि मौजूद रहे।

## पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

**सिरोंज।** लटेरी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी गगनेन्द्र रघुवंशी एंव उनकी पत्नि जिला पंचायत सदस्य पार्वती रघुवंशी ने भोपाल पहुचकर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से मुलाकात कर क्षेत्र की राजनीति समीकरणों को लेकर विशेष चर्चा की।

## भागवत कथा में श्रीराम व सीता विवाह का प्रसंग सुनाया, सजीव झांकी ने मन मोहा



**सिरोंज।** ग्राम पंचायत मुगलसराय के ग्राम सिरसवास सिद्ध बाबा आश्रम में चल रही श्रीमद भागवत कथा के दूसरे कथा वाचक ने श्रीराम और सीता विवाह का प्रसंग सुनाया। कथा स्थल पर राम विवाह की सजीव झांकी भी सजाई गई जो श्रद्धालुओं का मन मोह रही थी। श्रद्धालुओं ने भगवान राम और सीताजी की झांकी का पांव पखार कर पूजन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत मुगलसराय के पूर्व सरंपच वीरेन्द्र पालीवाल सहित बंडी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहें।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची बरखेड़ा जागीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

भारत सरकार के निर्देशानुसार शासन द्वारा विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है यात्रा मंगलवार को बरखेड़ा जागीर पहुंची। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें गीतों पर बच्चों ने नृत्य प्रस्तुत किया। नायब तहसीलदार दर्शनलाल नेगी ने यात्रा के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। वहीं जनपद पंचायत नटेरन के उपाध्याक्ष नीलेश धाकड़ ने भारत सरकार और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने पात्र ग्रामीणों से कहा जनपद पंचायत नटेरन के सांसद प्रतिनिधि यशपाल सिंह रघुवंशी ने मुख्य अतिथि के रुप में संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। संकल्प भी दिलाया। स्कूली बच्चों की प्रस्तुति को पुरस्कृत भी किया गया। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि तूफान सिंह अहिरवार, सचिव रुप सिंह किरार, उपसरपंच, बुंदेल सिंह



यादव, पूर्व सरपंच ठाकुर सिंह जादौन, जनपद सदस्य प्रहलाद सिंह राजपूत, भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह जादौन, लालाराम प्रजापति, रंजीत सिंह पाल, हरि सिंह पाल, प्रभारी प्राचार्य सोनल शर्मा, शासकीय मध्यमिक शाला के प्रभारी प्रफुल एक्का, डाक्टर विजय सिंह ठाकुर महिला बाल विकास विभाग से सुपर वाईजर फरीदा खान सहित ग्रामीण और कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दिनेश चौरसिया ने किया। अंत में आभार सरपंच प्रतिनिधि तूफान सिंह अहिरवार ने माना।

## कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में केरियर गाइडेंस और काउंसलिंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए मंगलवार को करियर गाइडेंस व काउंसलिग कार्यक्रम हुआ। इस दौरान करियर काउंसलर ने छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया।छात्राओं को प्रेरणादायक सूत्र दिए, जिससे उनमें कुशलता और सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। वहीं, ग्रामीण अंचलों में शिक्षा को किस प्रकार ओर अधिक बेहतर बनाया जाए इसके प्रति जागरूक किया गया।

एमबीबी एस की पढ़ाई कर रहे छात्र पार्थ प्रताप सिंह गुर्जर ने बताया कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह मालूम नहीं है। उन्होंने छात्रों को बताया कि आपकी लाइफ में महत्वपूर्ण क्या है, यह जानना बहुत



जरूरी है। हमे हमें पढ़ाई के साथ संस्कार भी होना चाहिए । आप कलेक्टर ,डॉक्टर, इंजीनियर, मजिस्ट्रेट, सहित अन्य विभागों में सिलेक्लिशन के लिए पढ़ाई कर रहे हैं इन सब में पूरी लगन के साथ मेहनत करना पड़ती है तब मुश्किल से सफलता मिल पाती है। इसके लिय शुरू से ही रुचि के साथ अपना ध्यान केंद्रित करके पढ़ाई शुरू करें आपको सफलता जरूर मिलेगी।

डॉ गिरीश साहू ने बताया कि हमारी डॉक्टर नौकरी की कोई समय सीमा नहीं होती है हमे चौबीस घंटा मरीजों के लिए कार्य करना होता है , सभी छात्राएं अपनी योग्यता बड़ाने पढ़ाई ना करें बल्कि आगे बड़ने के लिए ध्येय बनाकर पढ़ाई करें। इस अवसर पर बलवीर सिंह गुर्जर ,कमलेश सेन ,मांगीलाल माहेश्वरी, संतोष शर्मा, संतोष शर्मा, बालाराम नामदेव,संजेश धाकड़ ,वीरम सिंह गुर्जर, गोवर्धन सिंह मेंहरा ,उषा गुप्ता ,सुषमा विश्वकर्मा, राजेश नामदेव, सुमन साहू, निशा धीरन,राहुल राय ,संजय राजपूत, राहुल जौनपुरी, सुजाता शर्मा एवं स्कूल परिवार के सदस्य , छात्राएं उपस्थित थी।

## विहिप-बजरंग दल के कार्यकर्ता घर-घर जाकर दे रहे निमंत्रण

**बरेली।** 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य विशाल मंदिर में श्रीराम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए पीले चावल और निमंत्रण पत्र देने का नगर में सिलसिला बना हुआ है। विहिप, बजरंग दल, आरएसएस के युवा कार्यकर्ता प्रतिदिन नगर के विभिन्न हिस्सों में घरो-घर और दुकानों पर पहुंच कर श्रीराम जन्मभूमि कार्यक्रम का निमंत्रण देते नजर आ रहे है। नगर के विभिन्न हिस्सों में प्रतिदिन युवाओं की टोलियां पूजित अक्षत के साथ संपर्क भ्रमण कर रही है। प्रत्येक हिन्दू परिवार में पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। महावीर नगर की टोली में केशव सोनी, अमन जैन, अक्षय बिद्रुआ, राजेश साहू के साथ अन्य युवाओं द्वारा जैन मंदिर के आसपास, बडा बाजार क्षैत्र में घर-घर दुकानों पर पहुंच कर 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम, अयोध्या पहुंचने का निमंत्रण दिया गया। 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित विशाल भव्य श्रीराम मंदिर में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस अवसर को स्मरणीय बनाने के प्रयास शुरू हो गए है। मंदिरों मं विशेष कार्यक्रमों के साथ घरो-घर दीपक जला कर दीपावली मनाने की हिन्दू परिवारों ने तैयारियां शुरू कर दी है।

## फोरलेन-45 किनारे समनापुर में बना भव्य मंदिर

**बरेली।** मां दुर्गा के साधक, संस्कृत के प्रकांड विद्धवान स्व. हरिनारायण शर्मा समनापुर वाले गुरूजी के ग्रहग्राम समनापुर में विशाल भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हो चुका है। जिस दिन 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि में श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उसी अनुसार समनापुर में बने मंदिर में 22 जनवरी के शुभ विशेष मुर्हूत में श्रीराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जिसकी समनापुर जांगीर के ग्रामीणों द्वारा तैयारियां की जा रही है। नव निर्मित श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कार्यक्रम 16 जनवरी से प्रारंभ हो रहे है। जिसके अन्तर्गत शतचण्डी यज्ञ के साथ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ होगा। पू. समनापुर वाले गुरूजी के पुत्र बडे भैया नर्मदा क्षैत्र में भागवत कथाए करने के लिए विख्यात है। 2 वर्ष पूर्व मंदिर निर्माण के लिए बडे भैया एवं ग्रामीणों ने भूमि पूजन कराया था। जिस दिन भूमि पूजन हुआ, उसी दिन से अखंड रामायण पाठ का निरंतर आयोजन चल रहा है। पू. समनापुर वाले गुरूजी की तपोभूमि में दिव्य विशाल मंदिर निर्माण का संकल्प ग्रामीणों द्वारा लिया गया था। 16 से 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा समारोह विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ सम्पन्न होने पर ग्रामीणों मंदिर समिति का संकल्प पूर्ण हो पाएगा। मंदिर का नाम सियाराम मंदिर रखा गया है। कार्यक्रम को लेकर समनापुर सहित आसपास के ग्रामीणों में भारी उत्साह बना हुआ है।

## शारीरिक प्रधान कार्यक्रम का आयोजन

**कागपुर।** खामखेड़ा में खंड शिविर एवं शारीरिक प्रधान कार्यक्रम हुआ। प्रकट उत्सव में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध कथावाचक पंडित मुन्नालाल शास्त्री द्वारा की गई। जिसमें विभाग प्रचारक सौरभ सिंह का



उद्बोधन प्राप्त हुआ। शिविर में 147 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। पूरे शिविर में जिला प्रचारक मधुकर शर्मा, जिला सहकारवाह विनोद बघेल, खंड संघ चालक गजेंद्र बघेल, खंड कार्यवाहक राघवेंद्र रघुवंशी, खंड वर्गकारवां बृजेंद्र बघेल एवं समस्त खंड कार्यकारिणी उपस्थिति रही प्रबंधन प्रमुख व्यवस्था बृजेंद्र बघेल आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## एसएटीआई के स्मार्ट रूम में डॉक्टर कमल चतुर्वेदी के प्रथम उपन्यास 'जाहि विधि राखे राम' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

एसएटीआई के स्मार्ट रूम में डॉक्टर कमल चतुर्वेदी के प्रथम उपन्यास 'जाहि विधि राखे राम' का विमोचन हुआ। प्रेरणा मंच के सदस्यों ने अतिथियों के परिचय के साथ ही प्रेरणा-मंच का भी संक्षिप्त परिचय दिया। उपन्यास की भूमिका पर डॉ.सुदीप शुक्ला ने सार्थक और सटीक ढंग से विचार व्यक्त किए।

अतिथि श्री पाराशर ने उपन्यास की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए । विदिशा के संयुक्त कलेक्टर राजेश गुप्ता ने प्रभावशाली और रोचक ढंग से उपन्यास के पात्रों की मन स्थितियों को दर्शाते हुए



**विदिशा।** अतिथियों की उपस्थिति में उपन्यास का विमोचन किया गया।

उपन्यास को सामयिक और सार्थक बताया। भोपाल से आई डॉ. अल्पना गुप्ता ने उपन्यास की विविध प्रकार से विवेचना की। इंक मीडिया स्कूल आफ जर्नलिज्म सागर के निदेशक डॉ.आशीष द्विवेदी ने उपन्यास के प्रत्येक पक्ष का उद्घाटन बहुत ही प्रभावशाली ढंग से किया। डॉक्टर हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के संस्कृत एवं हिंदी विभाग के प्रोफेसर आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने बहुत ही सूक्ष्म ढंग से उपन्यास की प्रत्येक घटना प्रत्येक पात्र समय और परिस्थिति का विश्लेषण करते हुए उपन्यास को पठनीय बताया। लेखिका डॉ.कमल चतुर्वेदी ने उन परिस्थितियों का उल्लेख किया जिनके कारण वह कुछ लिख पाईं ।

विदिशा के साहित्यिक सौहार्द और प्रेम की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन एक उपन्यास है जिसमें न जाने कितनी सुखद दुखद अधूरी कथाएं समाहित हैं। पढ़ने का आस्वाद बना रहे इसी आशय से लिखा गया उनका यह उपन्यास पाठकों को ही समर्पित है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में गोविंद देवलिया ने सभी वक्ताओं के विचारों की समीक्षा करते हुए उपन्यास को रोचक और साहसी लेखन का समन्वय निरूपित किया । मंच ने सभी का आभार माना अपने सफल प्रभावशाली और सार्थक मंच संचालन से रितु देवलिया ने सबकी प्रशंसा प्राप्त की। स्मिता तिवारी द्वारा गया स्वागत-गीत भी बहुत प्रभावशाली रहा। इस विमोचन समारोह में बड़ी संख्या में नगर के बुद्धिजीवी साहित्यकार चिकित्सक विभिन्न क्षेत्रों की प्रबुद्ध महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## लखपति दीदी बनाने दिया प्रशिक्षण



**ग्यारसपुर।** राज्य आजीविका मिशन विकासखंड ग्यारसपुर अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लखपति क्लब में शामिल करने आजीविका भवन ग्यारसपुर में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें समूह सदस्यों के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण के बाद प्रशिक्षित दीदीयों द्वारा समूह से जुड़ी महिलाओं को आजीविका गतिविधियों के माध्यम से कम से कम 1 लाख मासिक आय सुनिश्चित की जाएगी। उक्त कार्यक्रम प्रधानमंत्री की पहल पर किया जा रहा है। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिसमें सहायक जिला प्रबंधक रवि चौकसे द्वारा प्रशिक्षण दिया गया समूह की सदस्यों से चर्चा की गई एवं विकासखंड प्रबंधक रेखा वर्मा के द्वारा समूह की महिलाओं से चर्चा की गई ।

### न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त हैदरगढ तहसील ग्यारसपुर जिला विदिशा मध्यप्रदेश

क्रमांक/क्यू/रीडर/23/1724
ग्यारसपुर दिनांक -01/01/2024

प्रकरण क्रमांक 83/अ-27/2023-24 ग्राम सुजवाह के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रकरण क्रमांक 83/ अ-27/2023-24 ग्राम सुजवाहा आवेदक उर्मिला बाई पुत्री रज्जू लाल पत्नि कोमल सिंह खंगार कृषक ग्राम तुलसीपार तहसील सिलवानी जिला रायसेन विरूद्ध कौशल्या बाई पुत्री स्व. रज्जूलाल खंगार पत्नि मुंशीलाल निवासीग्राम हरीपुरा मोहल्ला नगर विदिशा एवं नरेशचंद, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार पुत्रगण इमरत लाल, हीरा बाई वेवा इमरत लाल निवासीगण वार्ड नंबर 3 हाजीपुर सिरोंज तहसील सिरोंज जिला विदिशा के द्वारा ग्राम सुजवाहा सर्वे नंबर 113 रकबा 10.966 हेक्टर की सहखातेदार होकर रकबा 1.964 हेक्टर अर्थात कुल भूमि में 1/ 2 में से 1/3 की हिस्सेदार है। अतः उक्त भूमि के बटवारे में किसी पक्षकार/ अभिभाषक/ संस्था/ बैंक/अन्य को किसी प्रकार की आपत्ति है तो वह दिनांक 22/01/2024 के पूर्व न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त हैदरगढ तहसील ग्यारसपुर मे उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकता है दिनांक 22/01/2024 के बाद आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी। आज दिनांक 01/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील-ग्यारसपुर**

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में लोगों की समस्याओं का किया हल



**रायसेन।** कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अभिषक दुबे द्वारा जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।,

### शीत लहर को देखते हुए बदला स्कूलों का समय

**रायसेन।** शासन ने स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन कर दिया है। जारी आदेशानुसार आगामी 20 जनवरी तक के लिए स्कूल खुलने की नई समय-सीमा तय की है। मप्र शासन, स्कूल शिक्षा विभाग से जारी आदेशानुसार ऐसे सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय, जो जल्दी सुबह से संचालित होते हैं, वे प्रातः 10 बजे से संचालित होंगे। दो पालियों में संचालित होने वाले शासकीय एवं अशासकीय स्कूल भी प्रात 10 बजे से ही संचालित होंगे। ऐसे विद्यालय जो सुबह 10.30 से संचालित होते हैं, वे यथावत समय-सारणी अनुसार संचालित होंगे। जारी आदेश में स्पष्ट किया है कि कक्षा 6 से 12वीं तक की कक्षाओं की पूर्व निर्धारित परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी अनुसार होगा।

### रेवा राइस ने कृष्णा होटल को किया परास्त

**सिलवानी।** सिलवानी प्रीमियर लीग का आयोजन सिलवानी के खेल मैदान पर किया जा रहा है। जिसमें रेवा राइस व कृष्णा होटल के बीच मैंच खेला गया। रेवा राइस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खो कर 170 रन का स्कोर खड़ा किया। जिसमें मोहम्मद तारिक ने धुआंधार 35, शुभम शर्मा ने 32, जावेद ने 25 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए कृष्णा टीम 16 ओवर में 97 रन बनाकर आउट हो गई। कृष्णा होटल की ओर से सबसे अधिक 32 रन अक्षत जैन ने बनाए। दीपक श्रीवास्तव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट प्राप्त किया, जिन्हे मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

### पिंड भरते नर्मदा घाट जा रहे भक्तों का स्वागत

**सिलवानी।** नगर से श्रद्धालुओं का जत्था पिण्ड (सरे) भरते हुए नर्मदा घाट बौरास के लिए बीते दिनो रवाना हुआ। जत्थे में करीब 15 श्रद्धालु शामिल हैं। जत्थे के चंदन पिपरिया पहुंचने पर श्रीराम सुंदर काण्ड समिति के राजा राज प्रताप सिंह, शैलेंद्र सिंह चौहान, मोहन शर्मा, राम लखन धाकड़, दुर्गेष रघुवंशी, अजय मेहरा, सुनील नामदेव, धनराज आदिवासी, मुन्ना ठाकुर, दलीप केवट ने स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बालमपुर की घाटी पर सालभर में हो चुकी है लगभग 50 दुर्घटनाएं

# भोपाल-विदिशा हाईवे बालमपुर घाटी पर अनियंत्रित होकर खाई में पलटा ट्राला, ड्राइवर क्लीनर को आई मामूली चोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज/सलामतपुर

मंगलवार को भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 दीवानगंज के समीप बालमपुर घाटी पर घाटी से उतरते वक्त ट्राला अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गया। जिसमें ड्राइवर क्लीनर को मामूली सी चोट आई हैं। जानकारी के अनुसार ट्राला भोपाल से विदिशा जा रहा था। बालमपुर घाटी उतरते समय ट्राला के ब्रेक फेल हो गए और ट्राला अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गया। जिसमें ड्राइवर और क्लीनर को मामूली सी चोट आई है। बता दें कि बालमपुर घाटी पर हादसे रुकने के नाम नहीं ले रहे हैं आए दिन कोई ना कोई हादसा होता रहता है और वाहन दुर्घटनाओं के शिकार हो जाते हैं।

**पहले भी ट्राला रिवर्स होकर गिरा था खाई में :** भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 की बालमपुर घाटी पर आए दिन रोड दुर्घटनाएं हो रही हैं। कुछ



समय पूर्व अशोक लीलैंड ट्राला जीजे 12 जेड 1725 सलामतपुर रेलवे रेक पॉइंट से लोहे की टीन के रोल लेकर जमुनिया वेलस्पन कंपनी जा रहा था। रास्ते में बालमपुर की घाटी पर चढ़ते समय ट्राले के ब्रेक फेल हो गए और ट्राला रिवर्स होकर नीचे खाई में उतर गया।वो तो गनीमत रही थी कि ट्राले के ड्राइवर और क्लीनर को कोई चोट नही आई। दोनों ने ट्राले से कूदकर अपनी जान बचा ली।

### सिर्फ बालमपुर घाटी पर पिछले 12 महीने में हो चुकी हैं 50 घटनाएं

*बालमपुर घाटी पर भी सप्ताह में एक दो हादसे हो रहे हैं जिसमें कई वाहन चालक अपनी जान गवां चुके हैं और कई लोग घायल भी हो चुके हैं। फिर भी बालमपुर घाटी पर जम्मिेदार अधिकारियों द्वारा दुर्घटनाएं रोकने के लिए कोई उपाय नही किये जा रहे हैं। कुछ माह पहले हादसों को रोकने एमपीआरडीसी ने टूटी रेलिंग की जगह सीमेंट की बोरियां भरकर उसमें रेडियम लगवा दिए थे। ताकि सड़क हादसे रोके जा सकें, लेकिन यह बोरियां भी 1 महीने के अंदर ही छतिग्रस्त होकर नीचे गिर गई। क्योंकि कुछ समय पूर्व बालमपुर की घाटी पर लोहे की रेलिंग भी लगाई गई थी। जो आए दिन दुर्घटनाओं के कारण बार-बार टूट रही थी। जिसकी वजह से वाहन आए दिन हादसों का शिकार होकर खाई में गिर रहे थे। अब सड़क चौड़ी भी कर दी है फिर भी हादसे नही रुक रहे।*

बालमपुर घाटी पर अधिक चढ़ाई होने से यहां आए दिन हादसे होते रहते हैं। अभी कुछ समय पहले ही बालमपुर घाटी पर सुबह लगभग 5 बजे कटनी से चावल भरकर इंदौर जा रहे आयशर मिनी ट्रक ब्रेक फेल से अनियंत्रित होकर पलट गया था। मिनी ट्रक में ड्राइवर सहित सवार तीन लोग सवार थे। जिन्होंने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचाई थी। वहीं एक हार्वेस्टर भी घाटी पर चढ़ते समय पलट गया था। हालांकि पूरी घाटी रोड पर सुरक्षा की दृष्टी से रेडियम भी लगाए गए हैं, ताकि रात के समय वाहन चालकों को दुर्घटना से बचाया जा सके। लेकिन बालमपुर घाटी पर हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

### स्थानीय रहवासियों ने की स्टेट हाइवे को 4 लाइन करने की मांग

*भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम नही ले रहे हैं। रोज होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है। वहीं सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को 4 लाइन करने की मांग शासन प्रशासन से की है। गौरतलब है कि भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर एक वर्ष में लगभग सौ सड़क हादसे हो चुके हैं। जिसमें पच्चीस से ऊपर लोगों की मौत भी हो चुकी है। सलामतपुर व सूखी सेवनिया पुलिस भी रोज हो रही इन दुर्घटनाओं की वजह से काफी परेशान है। क्योंकि थाने में पुलिस बल काफी कम है। और सड़क हादसों में पुलिस बल भेजने के बाद थाने में पुलिस बल कम पड़ जाता है। जिससे थाने आए फरियादियों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। ग्रामीणों ने उक्त हाइवे को फ़ोर लाइन करने की मांग की है।*

## श्रीरामलीला में सुग्रीव पुत्र दधीवल ने किया नाराणतक का वध

# रामलीला: घोर संग्राम के बीच प्रभु श्रीराम करेंगे दशानन रावण का वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

रामलीला महोत्सव के चलते मंगलवार को कलाकारों द्वारा नाराणतक बध की लीला का आकर्षक मंचन किया गया, प्रस्तुत की गई लीला के अनुसार अपने परिवार के एक के बाद एक योद्धा मारे जाने के बाद रावण चिंतित होता है और आखिर में वह अपने पुत्र नाराणतक को बुलाता है और रण मैदान के लिए भेजता है उधर से भगवान श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी की सेना युद्ध मैदान में उतरती है इसके बाद भगवान राम सुग्रीव के पुत्र दधीवल को नाराणतक से युद्ध करने के लिए भेजते हैं अंत में जाकर दधीवल नाराणतक का वध कर देता है।

असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रावण वध का मुख कार्यक्रम बुधवार को श्री रामलीला मेला आयोजन समिति के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार को शाम 6 बजे से रावण वध का मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक रावण के 30 फीट ऊंचे पुतले का दहन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए रामलीला मेला समिति के मीडिया प्रभारी सीएल गौर ने



बताया कि रावण वध मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी शामिल होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीना करेंगे तथा कार्यक्रम के विशेष अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा एवं शहर की प्रथम नागरिक, नपा अध्यक्ष श्रीमती सविता जमना सेन मौजूद रहेंगे। रावण वध के मुख्य कार्यक्रम की तैयारियां रामलीला मेला आयोजन समिति द्वारा पूर्ण कर ली गई हैं।

### रावण वध के कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील

श्री रामलीला मेला आयोजन समिति के कार्यवाहक अध्यक्ष पंडित बृजेश चतुर्वेदी, हिउस अध्यक्ष बंटी महेश्वरी, रामलीला संचालक पंडित राजेंद्र शुक्ला, पंडित बद्री पाराशर, पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा, पंडित जगत शुक्ला, पंडित संदीप दुबे, पंडित धर्मेंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, बृज बिहारी मिश्रा, जमना सेन, चंद्रकृष्ण रघुवंशी, राजेंद्र सिंह राठौर, शिवराज सिंह कुशवाह, बबलू ठाकुर, अनिल चौरसिया, मनोज अग्रवाल, शंकरलाल चक्रवर्ती, राजेश पंथी, अखिलेश सोनी, राहुल परमार, रवि खत्री सहित मेला समिति के समस्त पदाधिकारियो ने रावण वध के मुख्य कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर शहर सहित आसपास के ग्रामीण धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### मोहित यादव धारण करेंगे जय महावीर का मुखौटा

*रामलीला में रावण वध के मुख्य समारोह के दौरान जय रघुवीर तेरी जय महावीर समिति के तत्वाधान में पुरानी बस्ती के बावड़ी पुरा स्थित श्री हनुमान मंदिर से जय महावीर की विशाल शोभा यात्रा प्रारंभ की जाएगी जो कि शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल रामलीला मैदान पहुंचेगी। इस बार जय महावीर का मुखौटा नगर के वार्ड क्रमांक 8 निवासी मोहित यादव द्वारा धारण किया जाएगा जो रामलीला के दौरान रावण वध कार्यक्रम में दर्शकों को आकर्षण का केंद्र रहेगा।*

## पीएचई विभाग के अधिकारियों पर लगे आरोप

# मानसिक प्रताड़ना के शिकार कर्मचारी छोड़ेंगे अपनी जॉब!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

विभाग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल पर अधिकारियों ने अब अपना गुस्सा जमीन पर काम कर रहे कर्मचारियों पर उतरना शुरू कर दिया है, उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। जबकि बाड़ी विकासखंड के अंतर्गत नल जल योजना कागजों पर संचालित हो रही है। संपूर्ण क्षेत्र में हैंडपंप बंद पड़े हैं हैंडपंप सामग्री गायब हो रही है। पेयजल आपूर्ति पूरी तरह बंद पड़ी है, फर्जी ढंग से नल जल योजना के कनेक्शन और बिल वितरण किया जा रहे हैं जो विभाग के ऊपर एक दाग है। 40 करोड़ से अधिक का काम बताने वाला विभाग जमीन पर 10 करोड़ का काम भी नहीं बता पा रहा है। जल जीवन मिशन योजना में करोड़ों का घोटाला हुआ है। विभाग द्वारा मंगाई गई नई सामग्री का मामला भ्रष्टाचार के घेरे में है। सामग्री मंगाई है तो गई कहां लाखों रुपए का भुगतान हो गया, लेकिन विभाग में नई सामग्री दिखाई नहीं दे रही है।

लोग शिकायत कर रहे हैं, हजारों शिकायतें विभाग के रजिस्टर में धूल खा रही है। अधिकारी और बाबू छोटे कर्मचारियों पर तानाशाही कर रहे हैं, उन्हें सामग्री नहीं दी जा रही। कर्मचारियों को दिए गए साइट के अलावा उनसे अतिरिक्त काम दिया जा रहा है, जिससे मानसिक रूप से प्रताड़ित होकर वह नौकरी छोड़ने तक का मन बना चुके हैं। जबकि आज बेरोजगारी से पूरा देश जूझ रहा है और विभाग के अधिकारी छोटे कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं।

### कर्मचारियों ने बताया दर्द

*पीड़ित कर्मचारियों ने हरिभूमि समाचार पत्र के प्रतिनिधि को बताया कि सहायक यंत्री एसडीओ को एक पत्र दिया है जिसमें बाबू द्वारा मनमानी करने का हवाला दिया है, जिसमें उसने विभाग के कर्मचारियों द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाता है ना खाना बनाने दिया जाता है ना उसके साथ अच्छा व्यवहार किया जाता है। पीड़ित कर्मचारी जो 8 वर्षों से जमीनी स्तर पर सेवा दे रहा है उसे शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। कर्मचारियों से 24 घंटे काम लिया जा रहा है, इससे पीड़ित होकर कर्मचारियों ने एक आवेदन देकर नौकरी छोड़ने की इच्छा व्यक्त करते हुए मुझे नौकरी से बेदखल करने की अनुमति मांगी है।*

## परिवार परामर्श केंद्र में आए मामले में राजीनामा, विवाद होने से मायके में रह रही थी पत्नी

# दो साल से मायके में रह रही पत्नी जाएगी ससुराल पति ने मानी शर्तें, शराब नहीं पीने का किया वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शादी के छह महीने बाद ही ससुराल में हुए विवाद के कारण 2 साल से पत्नी मायके में रह रही थी। परिवार परामर्श केंद्र में हुए समझौते के बाद वह ससुराल जाने को राजी हो गई। पति ने उसकी शर्ते मानी और शराब न पीने का आश्वासन दिया है।करीब ढाई साल पहले हुई शादी के कुछ महीने बाद घर में होने वाले झगड़ों से तंग आकर पत्नी मायके चली थी।

परिवार परामर्श केन्द्र पत्नी ने बताया कि घर में जेठ-जेठानी झगड़ा करते हैं, पति भी शराब पीकर विवाद करता है। वह चाहती है कि



जेठ-जेठानी से अलग रहें और पति शराब पीना छोड़ दे। पति ने बताया कि वह पहले ही भाई से अपनी गृहस्थी अलग कर चुका है, उसका पारिवारिक बंटवारा हो गया है, जमीन आदि भी अलग हो गई है। साथ हो उसने आगे से शराब न पीने का भी वादा किया है। पति के आश्वासन पर पत्नी विवाद को खत्म कर ससुराल जाने को राजी हो गई।

जमीन बांटने हुए तैयार विधवा बहू ने शिकायत की थी कि उसके पति की मौत के बाद उसके पास बच्चों को पालने का कोई साधन नहीं है। पति के हिस्से की जमीन भी जेठ और सास के कब्जे में हैं। समझाइश के बाद सास और जेठ आपसी सहमति से जमीन बांटने को तैयार हो गए हैं।

मंगलवार को बैठक में 5 प्रकरण रखे थे, 2 में राजीनामा हो गया है, 3 अन्य पक्षकारों के अनुपस्थित रहने से आगामी तारीख दी गई हैं। उल्लेखनीय है कि हर मंगलवार को परिवार परामर्श केंद्र की बैठक आयोजित की जाती है।

# शीत लहर (शीतघात) के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुए एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी अनुमान के अनुसार शीतकालीन मौसम में प्रदेश के अधिकांश भागों में सामान्य से न्यूनतम तापमान होने की संभावना है। सभी जिला प्राधिकरणों तथा संबंधित सभी विभागों द्वारा प्रदेश में संभावित शीत लहर के प्रकोप को गंभीरता से लेते हुये इससे होने वाली क्षति को कम करने के लिये विभागीय एवं जिला स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जायें।

इस संबंध में गृह विभाग द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला शीत लहर कार्य



योजना तैयार की जाये। भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा जारी शीत लहर चेतावनी को जिला कमांड और नियंत्रण केंन्द्र के माध्यम से जन सामान्य तथा संबंधित विभागों तक पहुँचाने के लिये आवश्यक व्यवस्था की जाये। शीत लहर से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों से संबन्धित सुझाव का प्रचार प्रसार होर्डिंग तथा प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, स्थानीय केबल टीवी नेटवर्क, एफएम, सामुदायिक रेडियो से किए जाने की व्यवस्था की जाये।

बेघर लोगों को आश्रय गृहों में स्थानांतरित किया जाये। बेसहारा एवं बेघर व्यक्ति सड़क/मैदान में पाये जाने पर अलाव की व्यवस्था की जाये। स्वयंसेवी संगठनों के माध्यम से कम्बलों की व्यवस्था कर उन्हें वितरित किया जाये। स्कूल तथा शैक्षणिक संस्थाओं का कार्य समयए भारतीय मौसम विज्ञान द्वारा शीत लहर से संबन्धित दी गई चेतावनी अनुसार आवश्यकता अनुसार एवं विधिवत स्कूल खुलने के समय में परिवर्तन करने हेतु आवश्यक आदेश जारी किए जाएं।

# मप्र जनअभियान परिषद की संवाद योजना अंतर्गत त्रैमासिक हुई बैठक

## बैठक में सभी संस्थाओं के कार्य की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

मप्र जनअभियान परिषद जिला रायसेन द्वारा संवाद योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की जिला स्तरीय त्रैमासिक बैठक मंगलवार को रायसेन में आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ मप्र जन अभियान परिषद के भोपाल संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव, भोपाल संभाग समन्वयक वरूण आचार्य तथा जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

जिले के सभी विकासखण्ड सॉची, गैरतगंज, बेगमगंज, बाडी, सिलवानी, औबेदुल्लागंज एवं उदयपुरा की नवांकुर संस्था,



परामर्शदाता एवं ब्लॉग समन्वयक की सेक्टरवार बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संस्थाओं के कार्य एवं अपने ग्राम विकास की योजना पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर सभी संस्थाओं द्वारा त्रैमासिक बैठक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं सभी संस्थाओं के कार्य की समीक्षा की गई। संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव ने बताया कि जन अभियान परिषद तीन मंत्र स्वैच्छिकता, सामूहिकता एवं स्वावलम्बीन है। यह राष्ट्रजन, देश, प्रदेश एवं परिवार पर लागू होता है। सभी को मिलकर जन-जन से जुडकर, जनअभियान से जोड़ना है।

## शिशु मंदिर प्राचार्यों की जिला स्तरीय बैठक नूरगंज में हुई संपन्न

# पॉलीथिन के नुकसान को ध्यान में रखकर विद्यालयों व ग्रामों को पॉलीथिन मुक्त बनाने कार्य योजना बनाए: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

देशभर में प्रतिदिन करोड़ो टन अमानक पॉलीथिन कचरे में तब्दील होती है। ऐसी पॉलीथिन पर्यावरण को दूषित करने के साथ ही स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होती है। पॉलीथिन खाने से देश में प्रतिदिन अनेकों पशु काल के गाल में समा जाते है। आवश्यकता है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करे बल्कि अपने विद्यालय व ग्राम को पॉलीथिन मुक्त बनाने में सहभागिता व सक्रियता दर्ज करावे। साथ ही ग्रामीणो को भी सिंगल यूज पॉलीथिन का उपयोग ना करने को कहे।

यह उद्गार प्रांतीय संयोजक पर्यावरण विषय एवं जिला प्रमुख राजेन्द्र सिंह ठाकुर ने शिशु मंदिर के प्राचार्यो की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । विद्या भारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित भोजपुर ग्राम भारती शिक्षा समिति



जिला रायसेन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक नूरगंज में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि गांव, शहर और विद्यालय परिसर साफ, स्वच्छ रहें।

पर्यावरण संरक्षण के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है इसमें सभी की सहभागिता बढ़ाएं। यहां पर उन्होंने प्लास्टिक मुक्त गांव सूखा कचरा गीला कचरे का निष्पादन, जैविक खेती, स्वच्छता अभियान, पौधारोपण पर चर्चा कर जानकारी दी।

यहां पर प्रांतीय उपाध्यक्ष मुरलीधर धर्मवाणी ने कहा कि ग्राम विकास के नौ आयामों से हमारे विद्यालय सामाजिक समरसता का केंद्र बनेंगे। सात मण्डल जितने सक्रिय और दायित्व बोध वाले बनेंगे उतना ही प्रभाव हमारे विद्यालय का गांव पर होगा। विद्यालय स्वाबलंबी एवं आत्मनिर्भर बनेंगे। बैठक में भोपाल भाग प्रमुख रामदयाल लहरपुरे ने कहा कि 12 जनवरी से 23 जनवरी तक सभी छात्र, आचार्य परिवार संयोजक मंडल के सदस्य एवं ग्रामवासी सूर्य नमस्कार महायज्ञ में सहभागिता करेंगे।

आगे उन्होंने हिंदवी स्वराज्य, ग्रामोत्सव, 5वी, 8वी की बोर्ड परीक्षा, संस्कृति ज्ञान परीक्षा, विद्यारंभ संस्कार समर्पण दिवस, कार्य विस्तार, वार्षिकोत्सव पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में सरस्वती वंदना बहिन राशि व रितिका ने प्रस्तुत की। अतिथि स्वागत विद्यालय के संयोजक हरिनारायण सोनी ने किया। बैठक का संचालन ममता चौरसिया दीदी ने किया। इस अवसर पर सभी प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।